<u>राष्ट्रीय पटसन बोर्ड, कोलकाता में दिनांक 1 से 15 सितम्बर, 2016 तक “हिंदी पखवाड़े” एवं 14 सितम्बर, 2016 को “हिंदी दिवस” पर एक रिपोर्ट ।</u>

हिंदी पखवाड़ा 1 सितम्बर, 2016 से आरंभ हुआ और इसे लगातार 15 सितम्बर, 2016 तक मनाया गया इसी बीच 14 सितम्बर, 2016 को हिंदी दिवस का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया गया साथ ही हिंदी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात, अधिकारियों ने क्रमानुसार अपने-अपने वक्तव्य रखें।

श्री सुशांत पाल, मुख्य परिचालन अधिकारी एवं राजभाषा प्रभारी :-

सबसे पहले उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिनन्दन किएं एवं सभी को समारोह के बारे और हिंदी के अनिवार्य प्रयोग एवं उसके तात्पर्यता के बारे में बताया। तद्उपरांत उन्होंने प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताएं। उन्होंने कहा कि इस साल राष्ट्रीय पटसन बोर्ड के काम-काज में हिंदी को अधिक से अधिक प्रयोग में लाया गया। हिंदी में काफी सारे पत्र, नोटिस, टिप्पण, रिपोर्ट इत्यादि हिंदी में कराया एवं सभी लोगों में हिंदी प्रयोग में लाने का उत्साह बढ़ाया। बातचीत में भी हिंदी का प्रयोग इस कार्यालय में पहले के अपेक्षा ज्यादा हुआ है।

इस साल पहली बार एनजेबी में बड़े आकार में हिंदी पखवाड़ा का अयोजना हुआ है जिसमें 3 तरह की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है (1) पत्र लेखन प्रतियोगिता (2) श्रुतलेख प्रतियोगिता एवं (3) कविता, गान एवं गीत प्रतियोगिता। यह कार्यक्रम पूरे पखवाड़े के दौरान पालन किया जाएगा ।

उसके उपरांत सचिव महोदय को सभापति बनाने का प्रस्ताव दिएं एवं उपस्थित सभी ने इसका समर्थन किया।

श्री अरविंद कुमार एम., सचिव महोदय ने कहा कि :-

सचिव महोदय ने सबसे पहले सभी उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यालय में हिंदी में काम-काज में इजाफा हुआ है। तद्उपरांत उन्होंने अपने संदेश पढ़ा जो इस प्रकार है:

'आप सभी इस बात से अवगत हैं कि 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को संघ सरकार की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था, इसलिए प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि हिंदी के राजभाषा के रूप में स्वीकार किए हुए 67 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। इस अवधि में हमने राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में काफी प्रगति की है। फिर भी सरकारी काम-काज में हिंदी को अभी और बढ़ाना होगा। हमारा लक्ष्य है कि सारा सरकारी कामकाज हिंदी में हो और यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है । मेरा विश्वास है कि यदि हम मात्र हिंदी दिवस तक ही इसे सीमित न रखकर पूरे वर्ष भर ईमानदारी और लगन से हिंदी में काम करते रहेंगे तो हम शीघ्र ही निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। अंत में सचिव महोदय ने कार्यालय के सभी अधिकारियों, परामर्शदाताओं और कर्मचारियों को बताएं कि वे निष्ठापूर्वक राजभाषा हिंदी में सरकारी काम-काज करें तथा इसे बोलचाल की भाषा बनाने का संकल्प लें, तभी सही अर्थों में हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा मनाने की उपयोगिता सिद्ध होगी तथा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त किए जा सकेंगे'।

श्री एन. सेनगुप्त, मुख्य वित्त अधिकारी :-

उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतियोगिता एवं नकद पुरस्कार की राशि के बारे में विस्तार से बताएं, जो निम्नलिखित है।

हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता / पत्र लेखन प्रतियोगिता

प्रथम : 2500 रू.

द्वितीय : 2100 रू.

तृतीय : 1500 रू.

सांत्वना : 1100 रू.

कविता, गान एवं गीत प्रतियोगिता

प्रथम : 1500 रू.

द्वितीय : 1300 रू.

तृतीय : 1100 रू.

सांत्वना : 1000 रू.

श्री पी. के. साहू, मुख्य विपणन अधिकारी :-

हिंदी दिवस के अवसर पर कहे कि हम सभी का कर्तव्य है कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार और काम-काज हिंदी में अधिकाधिक किया जाए हिंदी प्रेम एवं एकजूटता की भाषा है। राजभाषा विभाग के लक्ष्य को प्राप्त करना, हिंदी में ज्यादा से ज्यादा बोलना एवं इस्तेमाल करना हमारा कतर्व्य है। साथ ही एक कविता बोलकर अपने बात को समाप्त किए।

दिनांक 14/09/2016 को हिंदी दिवस मनाया गया उस दिन सारे कर्मचारी, अधिकारीगण सम्मेलन कक्ष में समारोह का हिस्सा बनें जिसमें पत्र लेखन प्रतियोगिता में दिए गए पत्रों का संकलन किया गया और मुख्य विपणन अधिकारी ने श्रुतलेख का शब्द दिएं और कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में हिंदी श्रुतलेखन लिखे ।

अंत में मुख्य परिचालन अधिकारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के बाद बैठक समाप्त करने की घोषणा की गई।

4 सदस्यों को विचार के लिए समिति बनाया गया जो प्रतियोगियों का मुल्यांकन किए और पुरस्कार का निर्णय किया। इसी के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार का चयन किया गया जो दिनांक 20/09/2016 को एक समारोह कर 17 कर्मचारियों को मुख्य वित्त अधिकारी एवं मुख्य परिचाल अधिकारी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण किए गए। विजेताओं के नाम संलग्न है।

इस भांति मुख्यालय के दिए गए कार्यक्रमानुसार दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय व अन्य कार्यालयों में भी हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का पालन किया जा रहा है।